संपादकीय

सड़क और सुरक्षा

यमुना एक्सप्रेस-वे पर सोमवार की भोर में हुए भीषण बस हादसे में 29 लोगों की मौत अत्यंत दुखदायी है। यूपी रोडवेज की एक डबल डेकर बस लखनऊ से दिल्ली जा रही थी। बीती रात में वह सड़क छोड़कर 40 फीट गहरे नाले में जा गिरी। शुरुआती जांच में पता चला है कि ड्राइवर को झपकी आ गई थी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। यमुना एक्सप्रेस-वे पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

वर्ष 2019 के पहले छह महीनों में ही यहां हुई 247 सड़क दुर्घटनाओं में 127 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2018 में 659 सड़क दुर्घटनाओं में 110 लोगों की जान गई थी। हर दुर्घटना को राज्य सरकार दुर्भाग्यपूर्ण बताती है, उस पर दुख व्यक्त करती है, मुआवजे का ऐलान भी करती है लेकिन एक्सीडेंट रोकने के गंभीर उपाय अब तक नहीं किए जा सके हैं। सोमवार के हादसे पर केंद्र सरकार ने साफ किया है कि इसके लिए वह जिम्मेवार नहीं है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि इस हाईवे का निर्माण यूपी सरकार ने करवाया है और इसका नियंत्रण नोएडा प्राधिकरण के पास है। जो भी हो, सवाल यह है कि इस तेज रफ्तार सड़क पर लोगों की जिंदगी कब तक इतनी सस्ती बनी रहेगी? सचाई यह है कि उत्तर प्रदेश में ही नहीं, पूरे देश में सड़क परिवहन भारी अराजकता का शिकार है। कुछ राज्यों में तो स्थिति बेहद खराब है। वहां नियम-कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सोमवार को हादसा इसलिए हुआ क्योंकि बस में ड्राइवर एक ही था। जबकि नियम यह है कि दिन हो या रात, एक ड्राइवर 400 किमी ही बस चलाएगा। इतनी दूरी पूरी होते ही बस दूसरे ड्राइवर को सौंप दी जाएगी लेकिन लखनऊ से आनंद विहार (दिल्ली) की दूरी 500 किमी से ज्यादा है, फिर भी दुर्घटनाग्रस्त बस में एक ही ड्राइवर बताया जा रहा है। दरअसल रोडवेज के पास ड्राइवरों की कमी है। मांग के अनुपात में बसें भी कम हैं इसलिए अनुबंधित बसें चलाई गई हैं। इनके ड्राइवर खराब शर्तों पर काम करने को तैयार रहते हैं। असली समस्या राज्य सड़क परिवहन निगम के दायरे से बाहर चलने वाली बसों की है, जिनमें तय संख्या से ज्यादा सवारियां बिठाई जाती हैं और इनके ड्राइवर भी प्रशिक्षित नहीं होते। इन्हें रोडवेज की बसों के रंग में रंगवा दिया जाता है लेकिन न तो इनके रूट का कोई ठिकाना है, न ही ये कोई नियम-कायदा मानती हैं। देश में 30 प्रतिशत ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी हैं। परिवहन क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार है लिहाजा बसों का ढंग से मेनटेनेंस भी नहीं होता। इनमें बैठने वालों की जिंदगी दांव पर लगी होती है। पिछले दिनों तमिलनाडु ने दुर्घटना रोकने के लिए ऐसे कई उपाय किए हैं, जिनसे काफी फर्क पड़ा है। देश भर में बसों के रख-रखाव, उनके परिचालन, ड्राइवरों की योग्यता और अन्य मामलों में एक-समान मानक लागू करने की जरूरत है, तभी देश के नागरिक एक राज्य से दूसरे राज्य में निश्चिंत होकर यात्रा कर सकेंगे।

जनधन खातों में जमा राशि एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े के पार

नईदिल्ली (आरएनएस)। जनधन योजना के तहत खोले गए बैंक खातों में जमा राशि एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई है। मोदी सरकार ने पांच साल पहले इस योजना की शुरूआत की थी। वित्त मंत्रालय के ताजा आंकड़े के मुताबिक तीन जुलाई की स्थिति के अनुसार 36.06 करोड़ खातों में 1,00,495.94 करोड़ रुपये थे। जनधन लाभार्थियों के खातों में जमा राशि निरंतर बढ़ रही है। इससे पहले छह जून को इन खातों में यह राशि 99,649.84 करोड़ रुपये तथा उससे एक सप्ताह पहले 99,232.71 करोड़ रुपये थी। प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) की शुरूआत 28 अगस्त 2014 को की गयी थी। इसका मकसद देश के उन लोगों को बैंक सुविधाएं उपलब्ध कराना है जो इससे वंचित थे।

पीएमजेडीवाई के तहत खोला गया खाता मूल बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) खाता है। इसके साथ रूपे डेबिट कार्ड और ओवरड्राफ्ट की सुविधा दी जाती है। बीएसबीडी खाते में न्यूनतम राशि रखने की जरूरत नहीं है। अबतक 28.44 करोड़ खाताधारकों को रूपे डेबिट कार्ड जारी किये गये हैं। योजना की सफलता से उत्साहित सरकार ने 28 अगस्त 2018 के बाद खोले गये खातों के लिये दुर्घटना बीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये किया है। इसके साथ ओवरड्राफ्ट की सीमा भी दोगुनी कर 10,000 रुपये कर दी गयी है।

छह अगस्त से अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू करेगी विस्तारा

नईदिल्ली (आरएनएस)। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस की संयुक्त उपक्रम वाली विमान सेवा कंपनी विस्तारा अगले महीने से अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू करेगी। कंपनी ने आज बताया कि अगस्त में वह दिल्ली और मुंबई से सिंगापुर के लिए उड़ान शुरू करेगी। दिल्ली से सिंगापुर के लिए पहली उड़ान छह अगस्त को रवाना होगी जो सात अगस्त को वहाँ से वापस चलेगी।

मुंबई से सिंगापुर के लिए पहली उड़ान सात अगस्त को होगी जो सिंगापुर से अगले दिन

रवाना होगी। दोनों दैनिक उड़ानें होंगी। इन मार्गों पर कंपनी बोइंग 737-800एनजी विमानों का परिचालन करेगी। दिल्ली-सिंगापुर-दिल्ली मार्ग पर इकोनॉमी श्रेणी का टिकट 21877 रुपये का और बिजनेस श्रेणी का 63331 रुपये का होगा। मुंबई-सिंगापुर-मुंबई मार्ग पर इकोनॉमी श्रेणी का टिकट 20778 रुपये का और बिजनेस श्रेणी का टिकट 76890 रुपये का होगा।

रुपया शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले मजबूत

मुंबई (आरएनएस)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पोवेल के ब्याज दर में कटौती के संकेतों से रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 25 पैसे सुधर कर 68.33 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि , कच्चे तेल के दाम में वृद्धि से रुपये की तेजी पर कुछ अंकुश लगा। अंतरबैंक विदेशी विनिमय बाजार में रुपया मजबूती के साथ 68.31 रुपये प्रति डॉलर पर खुला , लेकिन शुरुआती कारोबार में यह थोड़ा गिरकर 68.33 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। इस दौरान , घरेलू मुद्रा में बुधवार की तुलना में 25 पैसे की मजबूती रही। रुपया बुधवार को सात पैसे गिरकर 68.58 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

सेमीफाइनल में न्यू जीलैंड से हारा भारत, जडेजा-धोनी की प्रयास विफल

मैनचेस्टर (आरएनएस)। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी के कारण भारत को आईसीसी विश्वकप के सांसों को रोक देने वाले पहले सेमीफाइनल में बुधवार को 18 रन की हार का सामना करना पड़ा और इसके साथ ही भारतीय टीम विश्वकप से बाहर हो गई। भारत की हार के साथ ही करोड़ों भारतीयों का सपना एक झटके में टूट गया। वर्षा बाधित इस सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 239 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और इसका पीछा करते हुए भारतीय टीम खराब शुरुआत से उबर नहीं पायी।

रवींद्र जडेजा ने बेशक 77 और महेंद्र सिंह धोनी ने 50 रन बनाए। लेकिन इनके अंतिम ओवरों में आउट होते ही भारत की उम्मीदें टूट गईं। भारत ने 49.3 ओवर में 221 रन बनाए। भारत लगातार दूसरे विश्वकप में सेमीफाइनल में बाहर हुआ।

न्यूजीलैंड ने इस जीत के साथ लगातार दूसरे विश्वकप के फाइनल में जगह बना ली। न्यूजीलैंड ने 2015 के विश्वकप में सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था।

यह मैच मंगलवार को खेला जाना था लेकिन बारिश के कारण पूरा नहीं हो सका था। बुधवार को मैच जब शुरू हुआ तो कीवी टीम ने मंगलवार के स्कोर 46.1 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 211 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और 50 ओवरों में आठ विकेट खोकर 239 रन बनाए।

डीजल के दाम घटे, पेट्रोल स्थिर

नईदिल्ली (आरएनएस)। डीजल के दाम में गुरुवार को उपभोक्ताओं को फिर राहत मिली। गुरुवार को डीजल के भाव दिल्ली में 15 पैसे, कोलकाता में 11 पैसे तथा मुंबई और चेन्नई में 16 पैसे प्रति लीटर घट गए हैं। हालांकि तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल के दाम में लगातार दूसरे दिन स्थिरता बनाए रखी। उधर, कच्चे तेल के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है, जिसके बाद पेट्रोल और डीजल के दाम में राहत मिलने की संभावना पर विराम लग सकता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बेंचमार्क कच्चा तेल ब्रेंट क्रूड का भाव 67 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चल रहा है और अमेरिकी लाइट क्रूड डब्ल्यूटीआई की कीमत 60 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से उपर चली गई है।

इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में गुरुवार को पेट्रोल के दाम पूर्ववत क्रमशः 72.90 रुपये, 75.12 रुपये, 78.52 रुपये और 75.70 रुपये प्रति लीटर बने रहे जबकि चारों महानगरों में डीजल के दाम घटकर क्रमशः 66.35 रुपये, 68.37 रुपये और 69.53 रुपये और 70.07 रुपये प्रति लीटर बने

रहे। मालूम हो कि पिछले सप्ताह आम बजट 2019-20 में उत्पाद शुल्क और उपकर में वृद्धि के बाद पेट्रोल और डीजल के दाम में भारी इजाफा हो गया था, लेकिन उसके बाद तेल कंपनियों ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में डीजल के दाम में 35 पैसे प्रति लीटर की कटौती की है। हालांकि पेट्रोल के भाव में ज्यादा राहत नहीं मिली है। मंगलवार को दिल्ली में पेट्रोल छह पैसे प्रति लीटर सस्ता हुआ था।

गूगल ने इजरायली-अमेरिकी क्लाउड स्टोरेज कंपनी खरीदी

जेरूशलम (आरएनएस)। अमेरिकी इंटरनेट कंपनी गूगल ने गूगल क्लाउड के माध्यम से क्लाउड के लिए स्केलेबल एंटरप्राइजेज स्टोरेज प्रदाता इजरायली-अमेरिकी कंपनी इलास्टीफाइल को खरीद लिया है। दोनों कंपनियों ने मंगलवार को यह घोषणा की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, दोनों कंपनियों ने हालांकि

अधिग्रहण की राशि का खुलासा नहीं किया लेकिन इजरायली मीडिया के अनुमान के अनुसार यह सौदा 20 करोड़ डॉलर में हुआ है। कंपनी ने अब तक फंड और चीनी कंपनी हुआवेई और लेनेवो के साथ-साथ सैमसंग, सिस्को और डेल जैसे निवेशकों से 7.5 करोड़ डॉलर इकट्ठे कर लिए हैं।

आज का राशिफल

मेषः- आज आपके अच्छे कार्यों से आपका व आपके खानदान का गौरव बढ़ेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का लाभ भी आपको मिलेगा।

वृषभः- आज आपको संतान पक्ष के श्रेष्ठ आचरण का और उनकी सफलता का यश और हर्ष होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलें कोई विशेष सफलता मिलेगी।

मिथुनः- यदि कोई मुकदमा या कोई अन्य पूछताछ चल रही है तो आज समय आपके लिए अनुकूल नहीं है। त्वरित निर्णय न ले पाने के कारण कार्यों में बाधा व हानि होगी।

कर्कः- यदि आपकी प्रोन्नति रुकी हुई है तो आज अवश्य हो जाएगी, इसके अतिरिक्त आज आप अपनी वाकपटुता से किसी बहुत बड़े अफसर को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे।

सिंहः- यदि आप व्यापारी हैं तो आपके व्यापार में कुछ नए परिवर्तन होंगे। नौकरी पेशा है तो आपके अधिकार बढ़ेंगे, जिससे आपको आर्थिक लाभ व सम्मान मिलेगा।

कन्याः- आज आपके अधिकारों में वृद्धि के साथ साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। अपनी शानशौकत के लिए आप धन का अपव्यय कर सकते हैं।

तुलाः- आज काफी सोच विचार कर काम करने के उपरांत भी नुकसान होने की संभावना रहेगी। अकस्मात कोई राजकीय दंड भी प्राप्त हो सकता है। इसलिए जोखिम के कामों से दूर रहें।

वृश्चिकः- आज किसी बहुमूल्य वस्तु से लाभ होने की संभावना रहेगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो पद एवं अधिकारों में वृद्धि होगी।

धनुः- आज का दिन गुरु के प्रति निष्ठा एवं भक्ति भाव पूर्ण रहेगा। इस समय में आध्यात्म से तत्व ज्ञान की प्राप्ति होगी।

मकरः- आज आपमें शारीरिक शक्ति एवं उत्साह अधिक रहेगा किंतु ऐसे अनावश्यक खर्च सामने आएंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे।

कुंभः- आज आप विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किये गये कार्य से हानि होने की संभावना रहेगी। आपकी भौतिक सुख-सुविधाओं की वृद्धि होगी।

मीनः- यदि आप किसी वित्तीय संस्था या व्यक्ति से ऋण लेना चाहते हैं तो आसानी से मिल जाएगा। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें सफल बनाने का पूर्ण प्रयास करें। आपके साहस एवं पराक्रम से आपका आत्म विश्वास बढ़ेगा।

एलएंडटी की विभिन्न कारोबारी इकाइयों को बड़े ठेके मिले

नईदिल्ली (आरएनएस)। विभिन्न कारोबार से जुड़ी कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने कहा कि उसकी विभिन्न कारोबारी इकाइयों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में विभिन्न उपभोक्ताओं से बड़े ठेके मिले हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एलएंडटी ने यह नहीं बताया है कि कुल मिलाकर उसे कितनी राशि के ठेके मिले हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया , एलएंडटी की निर्माण शाखा को अपने विविध कारोबारों के लिए भारत के

विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित ग्राहकों से ठेके मिले हैं। एलएंडटी ने कहा कि उसके बिजली पारेषण एवं वितरण कारोबार को घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विभिन्न उपभोक्ताओं से ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने कहा कि उसकी भारी बुनियादी संरचना कारोबार की रक्षा इकाई को रक्षा क्षेत्र की एक प्रमुख सार्वजनिक कंपनी से ठेका मिला है। यह ठेका भारतीय वायु सेना के लिए एक रणनीतिक परियोजना के निर्माण से जुड़ा है। इस परियोजना को 33 महीनों के अंदर पूरा किया जाना है। वहीं , एलएंडटी की जल एवं अपशिष्ट उपचार कारोबार को गुजरात वाटर इंफ्रास्ट्रक्टर से एमएस पाइपलाइन के लिए ठेके मिले हैं।

धोनी के रन आउट होते ही मैच देख रहे दुकानदार को सदमा, मौत

कोलकाता (आरएनएस)। विश्व कप क्रिकेट में न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार से हिंदुस्तान के करोड़ों क्रिकेट फैंस के दिल टूट गए। भारतीय बल्लेबाजी तो शुरू से लडखड़ा गई थी लेकिन रविंद्र जडेजा और महेंद्र सिंह धोनी ने जीत की आस बांध दी थी। धोनी के क्रीज पर रहते भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को पक्का विश्वास था कि हम न्यूजीलैंड को हरा देंगे लेकिन धोनी के रन आउट होते ही क्रिकेट प्रेमियों का दिल टूट गया। कोलकाता में तो एक फैन को तो धोनी के आउट होते ही हार्ट अटैक आ गया और उसकी मौत हो गई। कोलकाता के साइकल दुकानदार श्रीकांत मैती अपनी दुकान में बैठे मोबाइल पर मैच देख रहे थे।

आखिरी 11 गेंदों में भारत को 25 रन चाहिए थे। 49वें ओवर की दूसरी गेंद पर कोई रन नहीं बना। तीसरी गेंद पर धोनी एक रन तेजी से दौड़े और दूसरे के लिए उसी तेजी से लौटे। लेकिन मार्टिन गप्टिल का सीधा थ्रो विकेट उखाड़ चुका था और धोनी पलक झपकते ही रन आउट

हो गए। श्रीकांत भी यह सदमा सहन नहीं कर सके और धोनी के आउट होने के तुरंत बाद उन्हें गहरा सदमा लगा और दुकान के अंदर ही उनकी मौत हो गई। श्रीकांत अपने मोबाइल फोन पर मैच के रोमांचक क्षणों को देख रहे थे। लेकिन धोनी के विकेट ने ऐसा झटका दिया कि उनकी सांसें थम गईं। इलाके में मिठाई की दुकान चलाने वाले सचिन घोष का कहना है, तेज आवाज सुनने पर हम उनकी दुकान में मदद के लिए पहुंचे। हमने उन्हें जमीन पर मूर्छित अवस्था में गिरा हुआ देखा। हम उन्हें नजदीकी खानकुल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पिंड खजूर की लजीज लौंजी, बनाने की विधि

सामग्री :

1/2 कटोरी कटी हरीमिर्च,
250 ग्राम पिंड खजूर,
150 ग्राम गुड़,
1 चम्मच खड़ा धनिया,
लाल मिर्च पावडर 1 चम्मच,
हल्दी पाव चम्मच,
हींग चुटकीभर,
धनिया 2 चम्मच,
सौंफ 1 चम्मच,
राई-जीरा 1 चम्मच,
2 तेजपत्ते,
नमक स्वादानुसार,
तेल।

विधि :

पिंड खजूर साफ करके उसके पीसेस कर लें। प्रेशर कुकर में थोड़ा सा पानी डालकर खजूर और हरी मिर्च को डालें और एक सीटी ले लें।अब एक कड़ाही में तेल गरम करके राई-जीरे का छौंक देकर हींग व सौंफ-तेजपत्ता डाल दें। साथ ही उबली हुई पिंड खजूर और हरी मिर्च डाल दें।पांच मिनट धीमी आंच पर पका लें। अब गुड़ डालकर उसका थोड़ा पानी टूटने दें। जब लौंजी हल्की सी लचलची हो जाए तो गैस बंद कर दें। अब गरमा-गरम पूरी के साथ पिंड खजूर की लजीज लौंजी सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 22

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 21 का हल

दा	ढ़ी	■	की	■	खा	सो	आ	म
वा	■	त	म	न्ना	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	ब	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
व	■	त्स	■	र	■	त	क	ला
■	सा	ब	न	■	गु	रु	वा	र

सू-दोकू- 22

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.21 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1